हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

31 अक्तूबर 2024, समय 1305

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने सभी देशवासियों के स्वस्थ और समृद्ध जीवन के लिए मंगलकामना की। उन्होंने सबके लिए माँ लक्ष्मी और भगवान श्री गणेश के आशीष की कामना की।

****

केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को राहत देते हुए महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि की है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के तहत पेंशन और पेंशनर कल्याण वृद्धि विभाग ने महंगाई भत्ते में वृद्धि की अधिसूचना जारी की है । यह वृद्धि इस वर्ष एक जुलाई से प्रभावी होगी। इसके बाद महंगाई भत्ता मूल वेतन या पेंशन के 50 प्रतिशत से बढ़कर 53 प्रतिशत हो जाएगा।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एकता की भावना पर जोर देते हुए देशवासियों को राष्ट्रीय एकता को तोड़ने की कोशिश करने वाली विभाजनकारी ताकतों से सावधान रहने को कहा है। लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर गुजरात के केवड़िया में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले 25 वर्ष में विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय एकता बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष में सरकार अपनी नीतियों और निर्णयों से एक राष्ट्र की भावना को निरन्तर मज़बूत कर रही है। राष्ट्रीय एकता के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जो राष्ट्र की एकता और सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर रही है। श्री मोदी ने नागरिकों से सजग रहने और भारत की एकता में विविधता की भावना को आत्मसात करने का अनुरोध किया। देश को एक करने के लिए सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल की

150वीं जयंती अगले दो वर्ष तक देशभर में मनाई जाएगी। इससे पहले आज प्रधानमंत्री ने एकता नगर में स्टेचु ऑफ यूनिटी पर सरदार वल्लभ भाई पटेल को पुष्पाजंलि अर्पित की। उन्होंने लोगों को एकता दिवस की शपथ दिलाई और एकता दिवस परेड़ का निरीक्षण किया।

****

हरियाणा में भी आज सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल सही मायनों में राष्ट्रीय एकता के प्रतीक थे। स्वतंत्र भारत को आजादी के बाद अखंड बनाने का श्रेय उन्हीं को जाता है। इस अवसर पर श्री नायब सिंह ने सभी को भारत की एकता और अखंडता को कायम रखने की शपथ दिलाई और साथ ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने रन फॉर यूनिटी को झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं दौड़ लगाकर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में भारी जनसमूह के साथ साथ, विद्यार्थियों ,विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। वहीं फरीदाबाद में आयोजित ज़िला स्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, पंचकूला में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, करनाल में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्दर कल्याण और जींद में विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ॰ कृष्ण मिड्□ा ने रन फॉर यूनिटी को झंडी दिखाकर रवाना किया।

****

देश भर के बाजारों में दीपावली एवं उससे जुड़े त्योहारों पर अनुमानित लगभग 4 लाख करोड़ रुपए का व्यापार हुआ है। वहीं अकेले दिल्ली में लगभग 75 हज़ार करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है। चाँदनी चौक से सांसद तथा कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल

एवं राष्ट्रीय सचिव हरीश गर्ग ने में बताया कि दिल्ली, चंडीगढ़ और देश भर के बाजारों में दिवाली और अन्य त्योहारों की धूम रही। कैट के राष्ट्रीय सचिव एवं कैट के चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष हरीश गर्ग ने बताया कि त्योहार के दौरान मांग में भारी वृद्धि को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों ने पहले से ही विभिन्न वस्तुओं के अपने भंडार को बढ़ाना शुरू कर दिया था। उन्होंने बताया कि लोगों ने उपहार,कपड़े, गहने, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, सजावट व पूजा सामग्री सहित अन्य सामान की जम कर खरीदारी की।

****

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कल नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से शिष्टाचार भेंट की। हरियाणा विधान सभा का अध्यक्ष चुने जाने के बाद श्री कल्याण की दोनों नेताओं से पहली मुलाकात थी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विधानसभा अध्यक्ष से हरियाणा विधान सभा के विधायी कामकाज पर विस्तार से चर्चा की। उपराष्ट्रपति ने उन्हें सर्वसम्मति से विधान सभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई भी दी और उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने विश्वास जताया कि श्री कल्याण की अध्यक्षता में हरियाणा विधान सभा नई ऊंचाइयों को छुएगी। उन्होंने कहा कि नए विधायकों को वरिष्ठजनों के अनुभव से सीखते हुए कर्मठता से काम करना चाहिए। जनप्रतिनिधियों की कर्मठता से लोकमानस में राजनेताओं के प्रति विश्वास प्रगाढ़ होगा।

****